दिन–सोमवार दिनांक– 26 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्र आज सतत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित विजय चौक पर झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। इस वर्ष परेड़ की थीम – 'स्वतंत्रता का मंत्र, वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्र आत्मनिर्भर भारत' पर सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का अनोखा संगम पेश किया गया। परेड की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

————————————————————————

कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में बिहार की झांकी भी पेश की गई। – **मखाना, लोकल से ग्लोबल की थाली में, सुपर फूड** की थीम पर प्रस्तुत झांकी में मखाना की खेती, उसके प्रसंस्करण और उसके पैकेजिंग की पूरी प्रक्रिया को दर्शाया गया। कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में पांच महिला मुखिया समेत बिहार के ग्यारह जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

————————————————————————

गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल है। मुख्य समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने झंडात्तोलन किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर राज्यवासियों को संबोधित करते हुए श्री खां ने कहा कि बिहार में कानून का राज कायम रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार सामाजिक न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर बारह विभागों की ओर से झांकियां प्रदर्शित की गयी। परेड में पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना की इक्कीस टुकड़ियों ने भाग लिया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में झंडोत्तोलन किया और तिरंगे को सलामी दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानसभा परिसर में झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। विधान परिषद परिसर में सभापति अवधेश नारायाण सिंह ने झंडोत्तोलन किया और तिरंगे को सलामी दी। पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने उच्च न्यायालय परिसर में झंडा फहराया। जदयू कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने झंडोत्तोलन किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद थे। इधर, राजद प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। आकाशवाणी पटना के केन्द्राध्यक्ष एच.डी सिडाम ने परिसर में आयोजित समारोह के दौरान झंडोत्तोलन किया और अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संबोधित किया।

---

इधर, विभिन्न जिला मुख्यालओं में आयोजित समारोह में जिले के प्रभारी मंत्रियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने झंडोत्तोलन किया और परेड का निरीक्षण किया। सतत्तरवें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर समाजिक सेवा और राष्ट्रीय महत्त्व के विषयों में योगदान के लिए कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। जहानाबाद के जिलाधिकारी ने आकाशवाणी के जिला पीटीसी आभाष रंजन को राहवीर सम्मान से सम्मानित किया।

---

केंद्र सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली बिहार की तीन समेत देश की एक सौ इकतीस हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। लोक गायक भरत सिंह भारती और लोक नर्तक विश्व बंधु को कला तथा कृषि तकनीक विशेषज्ञ गोपाल जी त्रिवेदी को

विज्ञान और अभियांत्रिकी के क्षेत्र में पद्मश्री देने की घोषणा की गई है। भोजपुर जिले के भरत सिंह भारती पिछले अठहत्तर वर्षों से भोजपुरी गायन में सक्रिय हैं। पटना के विश्व बंधु को मरणोपरांत पद्म पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं, मुजफ्फरपुर के रहने वाले गोपाल जी त्रिवेदी पेशे से कृषि वैज्ञानिक और लीची किसान हैं।

———————————————————————————

बिहार के बाईस पुलिस कर्मियों का चयन राष्ट्रपति पदक सम्मान के लिए किया गया है। इनमें तीन को वीरता पदक, दो को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सत्रह को सराहनीय सेवा पदक मिला है। पुलिस महानिदेशक, अभियान कुंदन कृष्णन, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक अर्जुन लाल और दरोगा जितेंद्र सिंह को वीरता पदक दिए जाने की घोषणा की गई है। वहीं पुलिस उपाधीक्षक उमेश लाल रजक और एएसआई नवरत्न कुमार को विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा।

———————————————————————————

समाप्त